श्रीकृष्ण के चरणों से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन संघर्ष, लोककल्याण और ज्ञान का अद्भुत उदाहरण है। जन्म से लेकर जगतगुरु के रूप में स्थापित होने तक उन्होंने अनेक कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन कभी चुनौतियों से पीछे नहीं हटे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश से जुड़े भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्थलों को चिन्हित कर राज्य सरकार उन्हें श्रीकृष्ण तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार शाम रविंद्र भवन में आयोजित सात दिवसीय रासलीला समारोह में शामिल हुए। उन्होंने राधा-कृष्ण की सजीव झांकी की आरती उतारी और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने हलषष्ठी और जन्माष्टमी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश से गहरा संबंध रहा है। उन्होंने यहां शिक्षा और दीक्षा प्राप्त की तथा उनके जीवन से जुड़े प्रसंग आज भी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि वे 3 सितंबर को द्वारिका के भ्रमण पर जाएंगे। रासलीला समारोह की पांचवीं संध्या में ब्रज के कलाकारों ने गोवर्धन लीला और रास की भूमिका का प्रभावशाली मंचन किया।

गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति के प्रति सम्मान, अहंकार के त्याग और संकट में विश्वास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबलपुर की रूपाली कुसुमकर और उनके साथियों ने कृष्ण भक्ति से जुड़े गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समारोह में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

अतिक्रमण पर निगम की सख्ती, शहरभर में हटाए अवैध कब्जे

नप्र, भोपालः नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को अतिक्रमण निरोधक दस्तों ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए कब्जे हटाए तथा कई ठेले जब्त किए।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर होशंगाबाद रोड, कोलार, बागसेवनिया, बागमुगालिया, सुभाष नगर, अशोका गार्डन, शाहजहांनाबाद, रायसेन रोड, कोहेफिजा, गांधी नगर, न्यू मार्केट और लिंक रोड सहित शहर के अनेक इलाकों में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नालियों पर बनाए गए अवैध चबूतरे और रखी गई फर्शियां हटाई गईं। दल ने आवागमन में बाधक वाहनों पर भी कार्रवाई की। लिंक रोड नंबर-1, पुरानी अदालत, बाग फरहत अफजा सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन हटवाए गए। सड़कों पर रखी रेत, निर्माण सामग्री और दुकानों के बाहर फैला सामान भी हटाया गया।

सीमेंट के बिना कंक्रीट सड़कों की दिशा में मध्यप्रदेश की नई पहल

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मध्यप्रदेश में सड़क निर्माण को अधिक मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग नई तकनीकों को अपनाने की तैयारी कर रहा है।

इस दिशा में लोक निर्माण विभाग और सीएसआईआर-एम्प्री के बीच तकनीकी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को सीएसआईआर-एम्प्री, भोपाल का भ्रमण कर वहां विकसित आधुनिक निर्माण तकनीकों और नई सामग्रियों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क, पुल और भवन परियोजनाओं में स्वदेशी, लागत-किफायती और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों के उपयोग की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जियोपॉलीमर कंक्रीट तकनीक पर विशेष चर्चा हुई। इस तकनीक से बनी सड़कों में पानी से तराई की आवश्यकता नहीं होती और कम मोटाई में भी बेहतर मजबूती हासिल की जा सकती है। इससे पानी की बचत के साथ औद्योगिक अपशिष्टों के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री ने फ्लाई ऐश, रेड मड और कृषि अपशिष्ट से तैयार निर्माण सामग्री, पेवर ब्लॉक और अन्य प्रीकास्ट उत्पादों का भी निरीक्षण किया। इंजीनियर्स डे के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सीएसआईआर-एम्प्री के साथ समझौता ज्ञापन किए जाने की योजना है।

शिक्षा जीवन का आधार, अनुशासन से मिलती है सफलता : सिद्धभाऊ

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त राजेश भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि संस्था अध्यक्ष सिद्धभाऊजी विशेष रूप से शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी और लिटरेरी मिनिस्टर नूपुर लालवानी ने अतिथियों का अभिनंदन किया। सिद्धभाऊ ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। उन्होंने छात्राओं को संयम, अनुशासन, पौष्टिक भोजन और एकाग्रता के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अच्छे संस्कार और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। मुख्य अतिथि राजेश भट्ट ने 'पत्थर और मूर्तिकार' की कथा के माध्यम से शिक्षकों की भूमिका को समझाया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को आकार देने वाले मूर्तिकार की तरह होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से शिक्षकों को उनके समर्पण और सेवाओं के लिए लैपटॉप बैग भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

दिव्यांग बच्चों से मिले डॉ. मुरारका, राज्यपाल को भेंट किया चित्र

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुंबई की मिराकेम इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी डॉ. अनिल काशी मुरारका ने बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ चित्रकार राज सैनी द्वारा बनाए राष्ट्रकवि रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चटर्जी के चित्र राज्यपाल को भेंट किए।

इसके बाद डॉ. मुरारका ने उमंग वेलफेयर सोसाइटी पहुंचकर विशेष बच्चों से मुलाकात की और उनकी शिक्षा व गतिविधियों की जानकारी ली।

संस्था की प्रबंध निदेशक दीप्ति पटवा और प्राचार्य अजय शर्मा की मौजूदगी में उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। डॉ. मुरारका ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को अवसर, प्रोत्साहन और सम्मान देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सामूहिक जिम्मेदारी है।

टैम्पल ऑफ संबोधि में मनाया जाएगा कान्हा जन्मोत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत नगर स्थित टैम्पल ऑफ संबोधि, वन ट्री हिल्स बैरागढ़ में 4 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में रात्रि 10:30 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन होंगे। संबोधि के लालसाईंजी ने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण को धनिया पंजीरी का भोग अर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धनिया पंजीरी स्वास्थ्यवर्धक मानी जाती है और इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण होते हैं।

भारत को जानो प्रतियोगिता में 11 स्कूलों के 228 विद्यार्थियों ने लिया भाग

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः भारत विकास परिषद शाखा संतनगर की ओर से 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 11 विद्यालयों के 228 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें वरिष्ठ वर्ग के 82 और कनिष्ठ वर्ग के 146 विद्यार्थी शामिल हुए।

परीक्षा के लिए मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल और केवलराम चनराय पब्लिक स्कूल को केंद्र बनाया गया था। प्रतियोगिता में भारतीय इतिहास, संस्कृति, सभ्यता और सामान्य ज्ञान से जुड़े 80 प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया। प्रतियोगिता में मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल, क्राइस्ट मेमोरियल, साधू वासवानी स्कूल और चिल्ड्रन्स होप इंडिया सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की संस्कार आधारित प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य करती हैं। साथ ही इससे विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास और ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा भी बढ़ती है।

शिव नगर नाला निर्माण में लापरवाही, कार्यपालन यंत्री निलंबित

भोपाल। नगर निगम प्रशासन ने कार्यों में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी के मामले में कार्यपालन यंत्री बृजेश कौशल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जोन क्रमांक 16 के शिव नगर में नाला निर्माण कार्य मई 2023 से मई 2024 के बीच पूरा किया जाना था। निर्धारित समय बीतने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा रहा। अधिकारियों द्वारा पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कार्य को गंभीरता से नहीं लिया गया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अगस्त में जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। शिव नगर नाला अधूरा रहने से सुंदर नगर और उड़िया बस्ती के कई मकानों में पानी भर गया, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। निगम प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मप्र सिविल सेवा नियमों के तहत निलंबन की कार्रवाई की है।

न्यायालय-न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र.
Presiding Officer: देवेन्द्र अतुलकर
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 322 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000006/2025)
अन्जना देवी आदि...**आवेदकगण**
Vs **सर्वसाधारण आदि ... अनावेदक**
alwana Id-1201/2026
Process Id-208/2026
पेशी दिनांक : 06/10/2026
प्रेषित- गोविंद सिंह पिता चन्दन सिंह, निवासी-वार्ड नं. 11, इन्द्रा नगर, लाल बिल्डिंग, मंडीदीप, जिला रायसेन म. प्र. आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अन्जना देवी, निवासी-वार्ड नं.11, इन्द्रा नगर मंडीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. ने मृतक स्व. श्री शिवनारायण तामोट पिता स्व. श्री चंदन सिंह, निवासी-वार्ड नं.11. इन्द्रा नगर मंडीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र., जोकि दिनांक 08-04-1968 से ग्राम हैदरी, जिला रायसेन म.प्र. में, शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर रहते हुये अपनी सेवायें प्रदान कर रहे थे, की मृत्यु होने के कारण श्रीमती अन्जना देवी पत्नि स्व. श्री शिवनारायण तामोट एवं उनके पुत्र/पुत्री पुष्पेन्द्र ठाकुर, पीयूष ठाकुर एवं कुमारी निशा ठाकुर को स्व. श्री शिवनारायण तामोट की उक्त सेवाओं से मिलने वाले लाभ जिसमें पेंशन राशि, बीमा राशि, ग्रेच्युटी, पी.एफ. फंड की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 06 October 2026 को नियत है। यदि आपको उक्त प्रकरण में आवेदकगण को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में आप अपना हक समझते हो, तो पेशी दिनांक 06 October 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 20 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान:-1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
देवेन्द्र अतुलकर, न्यायाधीश
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.)
1485

नाम परिवर्तन बाबत्
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे वोटर आई. डी. कार्ड और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्री हामिद रजा (HAMID RAJA) आत्मज श्री जैनुद्दीन, निवासी-ग्राम लिलवार, पोस्ट-बमुरी, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम छोटे बवश अंसारी आत्मज जैनुद्दीन, ग्राम लिलवार, पोस्ट-बमुरी, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) लिखा गया है। जो कि गलत है । जबकि मेरा सही नाम हामिद रजा (HAMID RAJA) आत्मज श्री जैनुद्दीन है । विभिन्न प्रपत्रों में उपरोक्त अनुसार लिखा व पढा जावे।
हामिद रजा (HAMID RAJA) आत्मज श्री जैनुद्दीन, निवासी-ग्राम लिलवार, पोस्ट-बमुरी, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.)
1486

नाम परिवर्तन बाबत्
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीनाथ पटेल आत्मज हिंछलाल पटेल, निवासी-ग्राम-देवगांव, पोस्ट-चितवरिया, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) का हूँ। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में श्रीकांत पटेल आत्मज श्रीनाथ पटेल, आयु लगभग 15 वर्ष, निवासी-ग्राम-देवगांव, पोस्ट-चितवरिया, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) लिखा गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम श्रीशान्त पटेल (SHRISHANT PATEL) आत्मज श्रीनाथ पटेल है। अब मेरे पुत्र का नाम विभिन्न प्रपत्रों में उपरोक्त अनुसार लिखा व पढा जावे।
श्रीनाथ पटेल आत्मज हिंछलाल पटेल, द्वारा नाबालिक श्रीशान्त पटेल (SHRISHANT PATEL) **निवासी-ग्राम-देवगांव, पोस्ट-चितवरिया, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.)**
1487

नाम परिवर्तन बाबत्
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं झुरइ कोल आत्मज श्री झरियारी कोल, निवासी-ग्राम-केशौली, पोस्ट-बघोर, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) मेरी पुत्री के आधार कार्ड में में नाम प्रिया कविता कोल पुत्री श्री झुरइ कोल आयु लगभग 14 वर्ष, निवासी-ग्राम केशौली, पोस्ट-बघोर, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) लिखा गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम जन्म प्रमाण पत्र और कक्षा पांचवी की अंकसूची में मेरी पुत्री का सही नाम कविता कोल (KAVITA KOL) पुत्री श्री झुरइ कोल, निवासी-ग्राम-केशौली, पोस्ट-बघोर, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.) है। अब मेरी पुत्री का नाम विभिन्न प्रपत्रों में उपरोक्त अनुसार लिखा व पढा जावे।
झुरइ कोल आत्मज श्री झरियारी कोल, नाबालिक कविता कोल (KAVITA KOL) **निवासी-ग्राम-केशौली, पोस्ट-बघोर, तहसील-सिहावल, जिला-सीधी (म.प्र.)**
1488

नाम एवं जन्मदिनांक परिवर्तन सूचना
मेरा नाम राजेश कुमार शर्मा पुत्र राममूर्ति शर्मा आर्मी न. JC778847H रैंक - सूबेदार , वर्तमान पता: 2 TECH. TRG. BN. 3 EME CENTRE, BHOPAL है मेरी माता का सही नाम मुन्नी देवी और जन्मतिथि 1/1/1949 है जो उनके अन्य दस्तावेजों में अंकित है लेकिन मेरे आर्मी शीट रोल/आर्मी रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम मुन्नी शर्मा एवं जन्मतिथि 1/7/1958 ग़लत दर्ज है इसीलिये में उनका नाम मुन्नी शर्मा से मुन्नी देवी और जन्मतिथि 1/7/1958 से 1/1/1949 कर रहा हूँ जो उनके आधार कार्ड न. 896064196324 में भी दर्ज है साक्ष्य हेतु यह एफिडेविट प्रस्तुत कर रहा हूँ मेरी माता मुन्नी शर्मा एवं मुन्नी देवी एक ही इंसान है आज के बाद से मेरी माताजी का सही नाम मुन्नी देवी एवं सही जन्मतिथि 1/1/1949 सभी रिकार्ड, दस्तावेजों, लिखित कागजात और लेन-देन से जुड़ी कार्यवाहियों में इस्तेमाल करूँगा!
1484

नाम परिवर्तन सूचना
शादी से पहले मेरा नाम कु. अनम पुत्री अनीस था जो कि मेरी मार्कशीट पर दर्ज है अब शादी के बाद मेरा नाम बदलकर सही एवं पूरा नाम अनम खान पत्नी नूर मोहम्मद खान निवासी म.नं. ए-56 जज कॉलोनी ईदगाह हिल्स भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 हो गया है जो मेरे अन्य शासकीय दस्तावेजों में लिखा है। अब मुझे इसी नए नाम अनम खान से जाना व पहचाना जाए।
1483

जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Aditya Birla Housing Finance Ltd., भोपाल कार्यालय-प्रथम तल, प्लाट नं. 27, आई एस बी टी कॉमर्शियल स्कीम, चेतक ब्रिज के पास, नर्मदापुरम रोड, भोपाल-462023 (म.प्र.) द्वारा श्री कमल सिंह रघुवंशी आत्मज श्री सरदार सिंह रघुवंशी की सम्पत्ति प्लाट नं.86, जिसका क्षेत्रफल 592.5 वर्गफिट है तथा जो कि भूमि खसरा नं. 140 का भाग है तथा जो कि ग्राम सेमराकला (मुख्य मार्ग से अंदर), पटवारी हल्का नं.21, वार्ड नं. पुराना 40, नवीन-38, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं, पूर्व में-भूमि अन्य की, पश्चिम में रोड, उत्तर में प्लाट नं. 85, दक्षिण में प्लाट नं.87 है, को सम्यक् बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, उक्त सम्पत्ति संबंधित पूर्व स्वामी श्री विनोद रघुवंशी आत्मज श्री सरदार सिंह रघुवंशी के नाम का चैन डाक्यूमेण्ट मूल दस्तावेज क्र. 5755-ख, दिनांक 08.03.2006 कहीं गुम हो गया है । यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना-देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।
राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अधिवक्ता
फ्लैट नं. सी-106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक, चिनार रिट्रीट, जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल-462011 (म.प्र.)
मोबाइल- 9827223510, 7987467025
1482

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
(Computer Section)
NIT N01/C.S/2026 **Notice Inviting E-Tender** Date 02/09/2026

Online Tender no	Name of Work	Tender Amount	Cost of Bid Documents	EMD Amount Rs.	Period of Supply of Item
2026_UAD_533551_1	Supply &Procurement of Printers Spare Parts, Printer Repair Services, Cartridge Refilling and Allied Consumables	295700/-	2000/-	2957/-	30 Days

1. Online E-Tender Publish Dt.03/09/2026 (After to 15.30 pm) 2. Start Date and Time for Online Purchase and submission of bids Dt.03/09/2026 (After to 15.30 pm) 3. Last Date and Time for purchase and submission of Tender Document Dt. 17/09/2026 (Up to 17.30 pm) 4. Any corrigendum and amendment in this tender should be publish online only not in news papers. 5. The details about this tender should be available at www.mptender.gov.in.
OIC
Computer Section
Bhopal Municipal corporation
T.N.671/026/027

संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश
'विजयाराजे वात्सल्य भवन' 28 ए अरेरा हिल्स, भोपाल फोन : 0755-2550909,2550910 फेक्स : 0755-2550912
ई -मेल: commwcd@mp.nic.in बेबसाईड ' www.mpwcd.nic.in, www.mpwcdmis.gov.in
क्रमांक/मबावि/भण्डार/2026-27/efile No.**467/68/146** **भोपाल, दिनांक 02/09/2026**
संचालनालय महिला एवं बाल विकास कार्यालय में उपलब्ध अनुपयोगी / कंडम ई-वेस्ट सामग्री के विक्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना
संचालनालय महिला एवं बाल विकास कार्यालय में उपलब्ध ई-वेस्ट एवं अनुपयोगी सामग्री 'जहाँ है जैसा है' की हालत में विक्रय हेतु 02 बिड सिस्टम (वितीय एवं तकनीकी बिड) के आधार पर https://mptenders.gov.ing/nicgep/app के माध्यम से अधिकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	ऑनलाईन निविदा जारी दिनांक	ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक
क्रमांक/मबावि/भण्डार/निविदा/2025-26/146 भोपाल, दिनांक 02.09 2026	संचालनालय महिला एवं बाल विकास कार्यालय में उपलब्ध अनुपयोगी/कंडम ई-वेस्ट सामग्री के विक्रय हेतु।	08.09.2026	28.09.2026 (सायं 06.00 बजे तक)

निविदा प्रपत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app, www.mpwcdmis.gov.in एवं शासकीय कार्य दिवसों (कार्यालयीन समयावधि) में कार्यालय, संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल की भंडार शाखा से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रक्रिया से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन नं0 0120-4001 002, 0120-4001 005, 0120-6277 787 (टोल फ्री) पर सम्पर्क किया जा सकता है। ई-निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों आदि का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइटस पर ही किया जावेगा, इस हेतु समाचार पत्रों में पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.09.2026 (सायं 06:00 बजे तक) है।
संयुक्त संचालक (भण्डार)
महिला एवं बाल विकास, म.प्र.
जी-18032/26

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मेकेनिकल खण्ड
अरविन्द विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया भोपाल 462043
Fa& & Phone No. 0755 2930001, E-Mail ID :- cmphbpl@nic.in
क्रमांक 1269 तक. / का.यं./ लो.स्वा.यां.वि./मैके. खण्ड / 2026 / **भोपाल / दिनांक 31/08/2026**
दैनिक किराये पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु निविदा क्रमांक 10/2026-27 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_530512_1 दिनांक 31.08.2026
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2026-27 के दौरान आवश्यकता पड़ने पर, दैनिक किराये पर, वाहन उपलब्ध कराने हेतु आर.टी.ओ. कार्यालय में रजिस्टर्ड प्रतिष्ठित एजेन्सियों से, जिन्हें इस तरह के कार्यों का न्यूनतम 05 वर्षों का अनुभव हो तथा प्रदायकर्ता/फर्म के नाम पर कम से कम 10 (इनोवा/स्कॉर्पियो / समकक्ष वाहन, टाटा जेस्ट/ डिजायर / एडियोज/फोर्ड अस्पायर / समकक्ष वाहन) वाहन रजिस्टर्ड हों, से दैनिक किराये पर (ईधन सहित) की प्रस्तावित दरों हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 15.09.2026 सायं 17.00 बजे तक एपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे ई.एम.डी. एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा अनुसार निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन प्रस्तुत करना होगा। निविदा फार्म दिनांक 15.09.2026 सांय 17.00 बजे तक बेबसाईट : https://mptenders.gov.in पर राशि रूपये 2000/- (रु दो हजार) मात्र भुगतान कर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
विवरण निम्नानुसार है:-

टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित राशि (रू.)	धरोहर राशि (रू.)	टेण्डर का मूल्य (रू.)	टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि	समय अवधि
4,99,500.00	9,990.00	2,000.00	15.09.2026 17.00 बजे तक	16.09.2026 17.15 बजे तक	अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026 PHED_530512_1 दिनांक 31.08.2026 उपलब्ध है।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यॉ.वि. मेकेनिकल खण्ड भोपाल
जी-18033/26

ई-निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल
खेल परिसर, 74 बंगला भोपाल
दूरभाष क्र. 0755-2674316 ई मेल ccfre.bpl@mp.gov.in
ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2026_MPFD_SF_004 /ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 2-9-2026 सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल द्वारा म. प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथासंशोधित 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

सामग्रीका विवरण	सत्यंकार निधि	निविदा दस्तावेज का मूल्य
All-in-One (AIO) Desktop Computer	36000	1500
Multi size paper tray should be able to print A3, A4, A5, legal size etc.Colour Inkjet Multifunction Printer with integrated refillable ink tank system		
A3 and A4 Single-Function Monochrome Laser Printer		

* निविदा दस्तावेज से संबंधित सामग्रियों का तकनीकी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
* निविदा हेतु समस्त दरें जी.एस.टी. रहित प्रस्तुत की जावें।
* इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेजको ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 2-9-2026 दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 22-9-2026 को 4.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ई निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
* ई-खरीद पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in

वन मण्डलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल
जी-18046/26

कार्यालय सेनानी 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल
दूरभाष/फैक्स नं0-0755-2443748
Email:-co25bn_saf@mppolice.gov.in
क्र.-25वीं वाहिनी/विसबल/सा.अ./3312/2026, **दिनॉक 24/08/2026**
खुली निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुलिस मुख्यालय म.प्र., भोपाल द्वारा इकाई को लेखाशीर्ष मांगसंख्या '4492-32-000 लघु निर्माण मद' आवंटित बजट राशि के अंतर्गत इकाई की बैरिक क्र.-03 से आर.ओ. प्लांट तक नवीन पेवर ब्लॉक स्थापित करने का कार्य को खुली निविदा हेतु म.प्र. ऑनलाईन ई-टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/en पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। खुली निविदा विज्ञप्ति का ऑनलाईन प्रकाशन कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से दिनॉक तक मान्य होगी, खुली निविदा विज्ञप्ति का प्रारूप निम्नानुसार हैं।

स.क्रं.	सामग्री का नाम	धरोहर राशि	निविदा दर	प्राक्कलन एजेंसी	प्रदाय कार्यालय (एफ. ओ.आर.)
01	इकाई की बैरिक क्र.-03 से आर. ओ. प्लांट तक नवीन पेवर ब्लॉक स्थापित करने का कार्य।	12000.00	1000.00	म.प्र. पु.आ. एवं अधो. विकास निगम भोपाल	सेनानी, 25वी वाहिनी विसबल भोपाल

01. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों को म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपलोड करना होगा।
02. खुली निविदा म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन खोली जायेगी।
03. पुलिस की ऑनलाईन वेबसाइट www.mppolice.gov.in/en/tenders पर खुली निविदा की प्रपत्र, विस्तृत जानकारी डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगी। /
04. समय सारणी :-

01	निविदा प्रकाशन दिनॉक	दिनाँक 01/09/26 समय 10.00 बजे।
02	निविदा प्रपत्र डाउन